दैनिक भास्कर
BHASKARHINDI.COM

कार्रवाई: नकली लुब्रिकेंट्स ऑयल गोदाम में मारा छापा

डिजिटल डेस्क, नागपुर। नकली लुब्रिकेंट्स ऑयल के गोदाम पर छापा मारा गया है। यहां नामी कंपनी के नाम से ऑयल बेचा रहा था। वाड़ी थाने में प्रकरण दर्ज आरोपी व्यापारी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। आरोपी व्यापारी दर्शन राजकुमार गुरनानी (27) कुकरेजा सनिसिटी दीक्षित नगर निवासी है। लंबे समय से वह कॅस्ट्राल कंपनी का नाम और चिह्न का इस्तमाल कर नकली लुब्रिकेंट्स ऑयल बेच रहा था। भनक कॅस्ट्राल कंपनी के अधिकारियों को लगी, तो कंपनी के प्रबंधक गिरीश श्रीवास्तव (इंदौर निवासी) नागपुर में आए और घटित प्रकरण की वाड़ी थाने में शिकायत की। उसके बाद दर्शन के वाड़ी खडगांव रोड सोनबा नगर स्थित दर्शन लुब्रिकेंट्स ऑयल के गोदाम में छापा मारा गया। कार्रवाई के दौरान ऑयल, कंपनी के नाम के नकली स्टीकर, पाइप आदि समेत कुल 1 लाख 90 हजार 800 रुपए का माल जब्त किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

Source: https://www.bhaskarhindi.com/city/nagpur/the-warehouse-of-fake-lubricants-oil-has-been-raided-here-oil-was-being-sold-in-the-name-of-a-renowned-company-985763